हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 25 मई 2026

तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 31.0 डिग्री

11 जर्जर सड़क के गड्ढों में फंसे एक साथ 6 ट्रक, ...



12 करोड़ों का हाई स्कूल भवन खंडहर में तब्दील








# भरसेला बड़ा में सात दिवसीय 'तरंग सीखना-सिखाना समर कैंप' सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

बलौदाबाजार विकासखंड के प्राथमिक शाला भरसेला बड़ा में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान आयोजित सात दिवसीय "तरंग सीखना-सिखाना समर कैंप" का समापन बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। शिविर 18 मई से 24 मई तक तक डॉ. कमलेश कुमार सेन के मार्गदर्शन में संकुल

- खेल, कला और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में निखरी रचनात्मकता व सीखने की क्षमता

## शिविर में 50 बच्चों, पालकों व ग्रामीणों ने निभाई सहभागिता





### बच्चों ने गतिविधियों का किया प्रदर्शन

समापन समारोह में बच्चों ने सात दिनों में सीखी गई कलात्मक एवं बौद्धिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ सदस्य प्रत्युष शंकर ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। प्रधान पाठक डॉ. कमलेश कुमार सेन ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को बुनियादी भाषा एवं गणितीय दक्षता दिलाना सामूहिक जिम्मेदारी है।

भरसेला एवं अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से आयोजित किया गया।शिविर में बच्चों को भाषा एवं गणितीय दक्षता विकसित करने के लिए खेल-आधारित गतिविधियों, शैक्षणिक खेल, बालगीत, चित्रकला, रंगोली, ऑरिगामी, मुखौटा निर्माण एवं क्राफ्ट जैसी रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनकी अभिव्यक्ति क्षमता और तार्किक सोच का विकास करना रहा। शिविर में 50 बच्चों, पालकों, शिक्षकों एवं ग्रामीण युवाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अमित अवस्थी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गांजा के साथ आदतन अपराधी गिरफ्तार

**रायपुर।** मुजगहन पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला में आदतन अपराधी राजकमल यादव निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला को 5.121 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। उसे बोरियाकला स्थित श्मशानघाट के पास खंडहर मकान से गिरफ्तार किया है। जब्त गांजा की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी के विरुद्ध धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान का टूटा ताला 75 हजार की चोरी

**रायपुर।** कबीर नगर क्षेत्र के हीरापुर में एक सूने मकान में चोरी हो गई। प्रार्थिया प्रमिला तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 22 मई को सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे के बीच उसका घर सूना था। घर में कोई नहीं था। इसी बीच कोई अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखी नकदी एवं सोने-चांदी के जेवर कुल जुमला 75 हजार चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 331-3, 305- ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

### किस्त पटाना बंद, इसलिए जरूरतमंदों को भी मिल नहीं पा रहा लोन

**रायपुर।** दिव्यांगों को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए लाई गई दिव्यांगजन स्वावलंबन योजना का लाभ अब जरूरतमंदों को मिल नहीं पा रहा है। इसका कारण पूर्व में इस योजना के तहत जिन दिव्यांगजनों ने लोन लिया है, उनमें से लगभग 20 प्रतिशत हितग्राही लोन पटा पाए हैं, वहीं 80 प्रतिशत हितग्राहियों ने लोन की किस्त पटाना ही बंद कर दिया हैं, जिसके कारण रायपुर जिले में 158 हितग्राहियों पर 5 करोड़ रुपए से अधिक का लोन बकाया है। इस राशि की वसूली के लिए विभाग लगातार लोन लेने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी कर रहा है। इसके बाद भी कुछेक को छोड़कर अन्य हितग्राही बकाया लोन की किस्त का भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण अब जरूरतमंदों को भी लोन नहीं मिल पा रहा है। विभाग में ऐसे कई आवेदन डंप पड़े हुए हैं, जो लोन नहीं मिलने से स्वरोजगार भी थापित नहीं कर पा रहे हैं।

## उप मुख्यमंत्री व विधायक ने सामाजिक भवन के लिए 20- 20 लाख देने की घोषणा की

# समाज के बच्चों को अच्छे संस्कार विचार और शिक्षा कैसे मिले, चिंतन आवश्यकः डिप्टी सीएम साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि समाज के बच्चे आगे बढ़ते रहें। शिक्षा के साथ ही अच्छे संस्कार एवं अच्छे विचार भी मिलें यह भी समाज के लिए चिंतन का विषय है । उन्होंने कहा कि हम सभी भक्त माता कर्मा महोत्सव मना रहे हैं, क्योंकि उन्होंने अपने त्याग, तपस्या, समर्पण के बल पर भगवान जगन्नाथ के साक्षात दर्शन किये थे। भगवान को अपने हाथों से खिचड़ी खिलायी थी। उसी दिन से आज तक भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग प्रसाद चढ़ाया जाता है। ईमानदार व मेहनतकश साहू समाज सभी समाजों में एक विशेष स्थान रखता है ।

संत माता कर्मा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में डिप्टी सीएम श्री साव संबोधित कर रहे थे। इसके पहले सर्वप्रथम भक्त माता कर्मा एवं भगवान श्री कृष्ण की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे समाज के मेघावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए बड़ा हर्ष हो रहा है कि हमारे समाज के बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना नाम रौशन किया है । इस अवसर पर उन्होंने समाज के 100 से अधिक मेघावी छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो भेंट कर सम्मानित किया।

### भक्त माता कर्मा महोत्सव में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान





### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम मेंनगरपालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, साहू संघ जिला अध्यक्ष सुनील साहू, सिमगा नगर परिक्षेत्र अध्यक्ष कमलेश साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष रामनाथ साहू, रामबिलास साहू, बाबूलाल साहू, अधिवक्ता बलराम साहू, हेमंत साहू, रवि साहू, राहुल साहू, हितेश साहू, चंद्रशेखर साहू, रोहित साहू, संतोष साहू, बिरेंद्र साहू, मनीराम साहू, सहित सैंकड़ों सामाजिक लोग उपस्थित थे ।

उन्होंने सामाजिक भवन हेतु 20 लाख रुपए देने की घोषणा किया । वहीं कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हम आज संत माता कर्मा महोत्सव मना रहे हैं परंतु उनके द्वारा दी गई शिक्षा त्याग तपस्या सत्य निष्ठा को नहीं भूलना है । हमें समाज को आगे बढ़ाने के लिए सभी प्रकार की बुराइयों को छोड़ना पड़ेगाद्ध तब कहीं जाकर समाज आगे बढ़ सकता कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने संबोधित करते हुये भक्त माता कर्मा महोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । साथ ही उन्होंने भी समाजिक भवन हेतु 20 लाख रुपए देने की घोषणा किया । इससे पूर्व समाज की महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गयी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस सांस्कृतिक भवन में समाप्त हुआ।

## मुख्यमंत्री साय ने ईशा को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

गुरुकुल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा ईशा सोनवानी ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है।

ईशा की इस उपलब्धि पर ग्राम करही बाजार में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, भाजपा पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ईशा के पिता सोहन सोनवानी भी मौजूद रहे। छात्रा की सफलता पर विद्यालय की प्राचार्या वंदना तिवारी एवं स्कूल परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।

### जब्त नशीले पदार्थों को जलाकर किया नष्ट

**रायपुर।** रायपुर कमिश्नरेट पश्चिम जोन क्षेत्र के विभिन्न थाना क्षेत्र से 42 प्रकरणों में जब्त किया गया गांजा 399.576 किलोग्राम, ब्राउन शुगर 2.90 ग्राम, नशीली टेबलेट 1738 का शनिवार को पुलिस ने नष्टीकरण किया। केंद्र सरकार, गृह मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के आदेश के परिपालन में पुलिस मुख्यालय द्वारा गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी रायपुर ने पुलिस उपायुक्त संदीप कुमार पटेल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राहुल देव शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त आजाद चौक ईशु अग्रवाल, जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में सिलतरा स्थित जायसवाल निको कंपनी के पॉवर प्लांट की भट्ठी में एक साथ डालकर उसे जलाकर नष्ट किया।

## रोहांसी में वार्ड क्रिकेट स्पर्धा में वार्ड 3 बना विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

रोहांसी नगर पंचायत में आयोजित वार्ड क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बड़े उत्साह एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सभी वार्डों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल प्रतिभा का परिचय दिया।

फाइनल मुकाबला वार्ड 3 और वार्ड नं 5 के बीच खेला गया जिसमे वार्ड नं 3 की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार जीत दर्ज की।उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुष्कर सागर को मैन आफ सीरीज का खिताब दिया गया।वार्ड फाइनल मैच में नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, समस्त पार्षदगण,व्यापारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अथितियों द्वारा इस आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन से सद्भावना और परस्पर प्रेम को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर खिलाड़ी राकेश, निक्कू, रोमित, पुष्कर, अरुण, रोशन, आर्यन, सोनू, उदित नारायण,मुकेश, खिलावन, भूपेंद्र गुरुजी, भरत, टिकेश्वर सहित आयोजक समिति के सदस्य एवं नगरवासी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### थाना परिसर सरसीवां में आज की

**मुड़पार सरसीवां।** इच्छुक महिला और पुरुष बेरोजगारों को सुरक्षाकर्मी का रोजगार देने के लिए निजी सुरक्षा कंपनी एसआईएस लिमिटेड अनूपपुर मध्यप्रदेश द्वारा 25 मई को थाना परिसर सरसीवा में निशुल्क शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 26 मई को थाना परिसर केडार, 28 मई को थाना परिसर डोंगरीपाली, 29 मई को थाना परिसर बेलादुला, 30 मई को थाना परिसर सलिहा और 31 मई को थाना परिसर सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

## भरुवाडीह खुर्द में आधी रात 30 बकरियों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

खरोरा के समीपस्थ ग्राम भरुवाडीह खुर्द में बीते बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात करीब 12 बजे गणेश यादव के घर से अज्ञात चोरों ने 30 बकरियां चुरा लीं। घटना के समय परिवार रात 9:30 बजे सो गया था और करीब 1 बजे आंख खुलने पर घर का दरवाजा बाहर से बंद मिला। दामाद द्वारा दरवाजा खोलने पर बकरियों का कोठा खुला पाया गया। पीड़ित गणेश यादव एवं पत्नी कुमारी यादव ने बताया कि बकरी पालन ही उनकी रोजी-रोटी का एकमात्र साधन था और चोरी से वे कर्ज को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से सहयोग तथा पुलिस से शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी और बकरियां बरामद करने की मांग की है। वहीं स्थानीय निवासी राजकुमार वर्मा, जंतु वर्मा सहित ग्रामीणों ने बताया कि पड़ोस के कई घरों के दरवाजे भी बाहर से बंद किए गए थे। सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे एवं भरुवाडीह कला निवासी धीरेंद्र कुमार वर्मा ने खरोरा थाना पुलिस से अंदरूनी गांवों में नियमित रात्रि गश्त की मांग की है। मामले में खरोरा थाना में अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है।

- रोजी-रोटी छिनने से परिवार परेशान





## ब्राह्मण प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

# खेल मानसिक और शारीरिक विकास के लिए जरूरीः एसपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

स्थानीय नारायणी नवल धाम खेल मैदान में युवा ब्राह्मण समाज भाटापारा के तत्वावधान में आयोजित 'ब्राह्मण प्रीमियर लीग' क्रिकेट प्रतियोगिता में उस वक्त रोमांच और बढ़ गया, जब जिले के पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने मैदान पर पहुंचे।

टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए एसपी ओम प्रकाश शर्मा ने न केवल युवाओं को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया, बल्कि खुद भी खेल के रंग में रंगे नजर आए। उन्होंने पिच पर जाकर पूरी खेल भावना के साथ बल्लेबाजी और गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन किया।

पुलिस कप्तान को अपने बीच इस अंदाज में पाकर युवा खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। एसपी शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे मानसिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। इस तरह के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस गरिमामयी उपस्थिति और युवाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अभिषेक उपाध्याय ने एसपी ओम प्रकाश शर्मा का आत्मीय स्वागत किया। समाज की ओर से उनका सहृदय आभार व्यक्त किया। इस दौरान समाज के अन्य पदाधिकारी, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### जिला कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक जिम्मेदारियों का हुआ विस्तार

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन उपरांत नई संगठनात्मक जिम्मेदारियां प्रदान की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार लक्ष्मण पटेल (महामंत्री) को जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद का कार्यालय प्रभारी तथा हरदेव सिंह ढिल्लो (महामंत्री) को कार्यालय प्रभारी प्रशासन नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी, सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से अनुभवी, कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### देशी प्लेन शराब बरामद

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने पिटियाझर में एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर पिटियाझर मंडी गेट के पास आरोपी डिगेश्वर यादव पिता तिजराम यादव (28 साल) निवासी वार्ड नं 23 नया रावणभाठा महासमुंद के कब्जे से अवैध रूप से एक काले रंग के बैग के अंदर 43 पौवा देशी प्लेन अवैध शराब कीमत 3440 रुपए एवं परिवहन में प्रयुक्त एक पुरानी इस्तेमाली लाल रंग की मोटर सायकल बजाज एवेंजर क्रमांक सीजी 06 जीई 3646 कीमत 10,000 रुपए कुल 13,440 रुपए को बरामद कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### घर घुसकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छिंदपाली में एक लड़की के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रतिज्ञा तांडी (15) ने बताया कि 22 मई की दोपहर करीब 12 बजे वह अपनी नानी के साथ घर पर थी, उसी समय गांव के उत्तरा चौहान व तेजराज चौहान ने घर घुसकर, तुम लोग हमारे खिलाफ थाना में शिकायत किये हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### पुरुषोत्तम मास पर राम-जानकी मंदिर में हो रही रोज आराधना

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के राम जानकी मंदिर में पुरुषोत्तम मास पर भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर रोज आराधना की जा रही है। श्रद्धालुओं द्वारा संध्या 6 बजे से 9 बजे तक विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने कथा में बताया कि पुरुषोत्तम मास की पहली एकादशी मनाई जा रही है। जिसमें महाप्रभु का अभिषेक किया गया। इसके पश्चात फल, माखन मिश्री का भोग अर्पित किया गया। शाम को सात बजे अद्भुत श्रृंगार दर्शन कर भक्त भजन-कीर्तन से गुणगान कर रहे है। यह महीना भगवान विष्णु को प्रिय है।

गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर छह ट्रक खराब होने से लगा महाजाम

# जर्जर सड़क के गड्ढों में फंसे एक साथ 6 ट्रक, मीलों रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी





रविवार प्रातः चार बजे से गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर सुबह में मुख्य गेट के पास सड़क के बीच पर छः ट्रक खराब हो गया. जिसमे दो कैप्सूल ट्रक और दो ट्रक धान गाड़ी, और दो ट्रक । टोटल छह वाहन खराब हो जाने से दिन भर गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर महाजाम हो गया था और चारो ओर बडे वाहनों का रेलमपेल लाईन लग गया था तथा दिन में घंटों आवागमन बाधित रहा । और यातायात प्रभावित हुए।लोकनिर्माण विभाग की लापरवाही से आमजन परेशान हो गया है । आपको बता दे की बलौदाबाजार-भाटापारा जिला और जांजगीर चांपा जिला के गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की सड़क जगह-जगह पर जानलेवा गड्ढे से रोज हादसा थमने का नाम नहीं ले रहा है जिम्मेदार अधिकारी इस मार्ग की हालत का जायजा तो दुर बल्कि जानबूझकर अनदेखा किया जा रहा है यहां हजारों से ज्यादा वाहनों की आवाजाही होता है रविवार को गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर वाहनों की महाजाम हो गया था जिससे चारों तरफ वाहनों की लंबी लाइन हो गया था और छठवें ट्रक का बीच चौक पर डीजल खत्म हो गया था तथा घंटों तक आवागमन बाधित हो गया था। और राहगीर एवं आने जाने वाले लोगो को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पडा गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की सड़क पर बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे से पुरा छत्तीसगढ़ में चर्चा का विषय बना हुआ है।सड़क की हालत बहुत ही खराब हो चुकी है । विभाग के अधिकारी के रवैए से आमजन काफी परेशान हो गये है गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग प्रत्येक दिन लगातार बडें वाहनों लम्बी लाईन और जाम हो रही है राहगीर आटो एवं मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा, पलटने से और बाइक से गिरकर राहगीर घायल होना आम बात हो गई है।रविवार को गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर हुई भयानक जाम होने से गिधौरी से बरपाली, घटमडवा एवं शिवरीनारायण केरा रोड तक की वाहनों की लंबी लाइन हो गया था ।और मौके पर गिधौरी पुलिस एवं यातायात पुलिस पहुंचे हुये थे लेकिन भीड़ इतना ज्यादा हो गया था की जाम को हटाने में बहुत दिक्कत हो रहे थे और धीरे-धीरे हटाया गया ।

#### भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

स्थानीय लोगों ने गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग पर भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग किया गया है ।क्योंकि भारी वाहनों से आये दिन दुर्घटना हो रही है और भारी वाहन से सड़क उखडकर उनकी की हालत बहुत ही जर्जर हो गया और जगह-जगह पर जानलेवा गड्ढे बन गया है। आक्रोशित ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने अतिशिघ्र सडक निर्माण कार्य कराने की मांग किया गया है।

## मुरुमडीह में 4 दिनों से डटा है हाथी, वन अमला व हाथी मित्र दल कर रहे निगरानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल


क्षेत्र के ग्राम मुरुमडीह में पिछले चार दिनों से एक हाथी की मौजूदगी बनी हुई है। हालांकि राहत की बात यह है कि वन विभाग का अमला और स्थानीय 'हाथी मित्र दल' स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग की मुस्तैदी से टल रहा खतरा । ग्रामीणों ने बताया कि हाथी की आमद को देखते हुए वन विभाग बेहद गंभीर है और मुस्तैदी से अपना फर्ज निभा रहा है। मैदानी स्टाफ और हाथी मित्र दल के सदस्य अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार निगरानी (मॉनिटरिंग) कर रहे हैं और हाथी को आबादी वाले क्षेत्र से दूर रखने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। इस संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने विभाग के प्रयासों की सराहना की है। पहले बायसन का हमला इसलिए डर अभी भी बरकरार चूंकि इसी क्षेत्र में कुछ समय पहले बायसन (गौर) का हमला हुआ था इसलिए ग्रामीणों के मन में स्वाभाविक रूप से डर बना हुआ है। लगातार चार दिनों से हाथी का मूवमेंट होने के कारण लोग सहमे हुए हैं। हालांकि वन विभाग की सक्रियता से ग्रामीणों को काफी ढांढस बंधा है, फिर भी स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए ग्रामीण बेहद सतर्क हैं।

#### ग्रामीणों को रात में घरों से बाहर निकलने में डर

बंद पड़े सोलर सिस्टम से रात में परेशानी गश्त और बढ़ाने की मांग सुरक्षा के इन पुख्ता इंतजामों के बीच गांव की एक बुनियादी समस्या बड़ी बाधा बनी हुई है। मुरुमडीह में मुख्य बिजली सप्लाई न होने के कारण पूरा गांव वैकल्पिक सौर ऊर्जा पर निर्भर है जो पिछले एक महीने से तकनीकी खराबी के कारण बंद है। रात के घने अंधेरे के कारण वन विभाग की टीम को भी रेस्क्यू और निगरानी करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अंधेरे की वजह से ग्रामीणों को रात में घरों से बाहर निकलने में डर बना रहता है। ग्रामीणों ने की दिन में और मुस्तैदी की अपील वन विभाग की अब तक की मुस्तैदी की तारीफ करते हुए ग्रामीणों ने अधिकारियों से अनुरोध किया है कि दिन के समय गश्त दल (पेट्रोलिंग टीम) की संख्या को और थोड़ा बढ़ाया जाए ताकि हाथी को इस पूरे कॉरिडोर से सुरक्षित रूप से दूर खदेड़ा जा सके। रात के समय अंधेरे की स्थिति को देखते हुए वन विभाग की विशेष टीम गांव के संवेदनशील रास्तों पर फ्लैश लाइट और मशालों के साथ तैनात रहे। वन विभाग की टीम लगातार ग्रामीणों के संपर्क में है और उन्हें सुरक्षित रहने तथा रात के समय अकेले बाहर न निकलने की समझाइश दे रही है।

## सुभाषनगर के चारमुहा नाला, रायपुरा चौक नाला, चिंगरी नाला की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम का स्वास्थ्य महकमा शहर के नालों की सफाई में जुट गया है। जोनवार नाला सफाई के लिए अभियान चलाकर बड़े नालों की पोकलेन मशीन से सफाई कराई जा रही है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही का कहना है कि मानसून पूर्व नाला सफाई के लिए सभी जोनों को 35-35 सफाई कर्मचारियों का नाला गैंग उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा मांग के आधार नाला सफाई के लिए 4 जोन को विशेष प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को नगर निगम जोन 2 स्वास्थ्य विभाग ने सुभाष नगर चारमुहा नाला, सामुदायिक जिम के पीछे नाला की बारिश पूर्व सफाई करवाई।

नाला सफाई के लिए नगर निगम जोन 5 कमिश्नर खीरसागर नायक के मार्गदर्शन रायपुरा चौक नाला और जोन 7 में जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव के मार्गदर्शन में राजीव नगर नाला की सफाई करवाई गई। इसी तरह जोन 6 क्षेत्र स्थित चिंगरी नाला की जेसीबी मशीन की सहायता से सफाई का कार्य कराया जा रहा है।

## उपमुख्यमंत्री साव का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

किसान नेता अनिल पांडे एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री अरूण साव का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। साहू समाज द्वारा आयोजित कर्मा जयंती कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रही है।

■ राज्य में कांग्रेस माहौल बिगड़ने का कर रही प्रयास: अरुण

उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में लगातार कांग्रेस माहौल बिगड़ने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के ऊपर जो अशोभनीय टिप्पणी की है, उसकी निंदा करता हूं। राहुल गांधी के परिवार के बारे में कुछ भी बोलकर अपने शब्द खराब नहीं करना चाहता। देश देख रही है जनता देख रही है कांग्रेस ने क्या किया। आने वाले समय में जनता जवाब देगी। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा आज हम युद्ध के कारण विषम परिस्थितियों से गुजर रहे हैं लेकिन आप सबको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव के कुशल नेतृत्व में हम इस पड़ाव को भी पार करेंगे सबके चेहरे पर मुस्कान रहेगी। आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाला समय आप सबका होगा। आप सब निश्चिंत रहें किसी के भी बहकावे में न आएं। किसान नेता अनिल पांडे ने कहा अल्प सूचना पर यहां पर एकत्रित होकर उप मुख्यमंत्री का कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक स्वागत किया मैं समस्त कार्यकर्ताओं को प्रणाम करता हूं। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने किया।



**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर छोटू यादव, राहुल साहू, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, नपा अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया, विकास सोनकर उपाध्यक्ष, हेम सिंह चौहान, गगन शर्मा, अनूप तिवारी, माया सलूजा, मुकुंद रजक, पीतांबर सोनकर, विष्णु जायसवाल, प्रशांत देवांगन, चन्द्र प्रकाश टोंगे, रुक्मणी साहू, नारायण निषाद, दिनेश निषाद, परस पाटकर, चंद्रमणि साहू, रोहित साहू, प्रहलाद मिश्रा, पीयूष जैन, श्रीराम साहू, रवि साहू, मनीष गुप्ता, नरेंद्र साहू, हितेश निषाद आदि मौजूद रहे।

## आईटीई के तहत चयन के बाद भी 8 बच्चों को एडमिशन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में आईटीई के तहत 8 बच्चों का चयन होने के बाद भी निजी स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें प्रवेश देने से इनकार किया जा रहा है। यह मामला मुजगहन क्षेत्र में संचालित आरके सारडा विद्या आश्रम का है। जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने इस मामले में कलेक्टर गौरव सिंह से शिकायत करते हुए ज्ञापन भी सौंपा है। आईटीई के तहत सारडा स्कूल में चालू शिक्षा सत्र में कक्षा पहली में 20 बच्चों का चयन लाटरी पद्धति से हुआ है। इनमें से 12 बच्चों को स्कूल में प्रवेश दे दिया गया है, लेकिन 8 बच्चों को प्रवेश देने से इनकार किया जा रहा है। इनकार की वजह बच्चों की कम आयु बताई जा रही है। इन सभी बच्चों की आयु साढ़े 5 साल के अंदर है, जबकि स्कूल के प्राचार्य का कहना है कि कम से कम बच्चे की उम्र साढ़े 5 साल होनी चाहिए। इधर कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद इस मामले में अब आईटीई के नियम की जांच की जा रही है।

## स्काउट एवं गाइड दल ने चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़




जिला स्काउट एवं गाइड दल ने मासिक धर्म का जागरूकता कार्यक्रम को और गति देने कलेक्टर पदमिनी भोई साहू से मुलाकात कर उन्हें कार्यक्रम एवं जिले में हो रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। मुलाक़ात के दौरान कलेक्टर ने कहा कि यह कार्यक्रम किशोर किशोरियों को ही नहीं वरन संपूर्ण समाज को एक नयी सोच एवं नए वातावरण में वर्तमान और आगामी पीढ़ी के बालिकाओं के प्रति नजरिया में बदलाव लाएगी। सभी जागरूक होंगे। कलेक्टर ने यूनिसेफ एवं स्काउट्स गाइड्स द्वारा शुरू की गई इस पहल की सराहना की।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक संकोच को दूर करना तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन के प्रति सकारात्मक संवाद स्थापित करना है।

एएसपी निमिषा पाण्डेय ने कहा कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जिस पर चुप्पी नहीं बल्कि खुलकर संवाद और जागरूकता की आवश्यकता है। प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक माहवारी प्रबंधन का अधिकार मिलना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव ने कहा कि यूनिसेफ के सहयोग से शुरू किया गया यह अभियान किशोर स्वास्थ्य एवं जागरूकता के क्षेत्र में प्रभावी भूमिका निभाएगा। स्काउट्स एवं गाइड्स हमेशा सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं और यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम को सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले से जिला संयुक्त सचिव गुणवती साहू जिला संगठन आयुक्त (गाइड) धात्री नायक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) मीना जांगड़े एवं सतरूपा बसंत (जिला काउंसलर भगवान प्रसाद बसंत, रमाशंकर साहू, छतराम निराला, विकासखण्ड सचिव सारंगढ़ कन्हैया लाल लहरे आदि ने अपनी उपस्थिति देकर इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में अपनी भागीदारी दी।

## सरकारी विभागों के बिजली कनेक्शन प्रीपैड कराने की योजना खटाई में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सरकारी विभागों के कनेक्शन नए सत्र से अप्रैल से प्रीपैड करने की योजना थी, लेकिन यह योजना खटाई में पड़ गई है। नए सत्र के दो माह समाप्त होने वाले हैं, लेकिन अब तक न तो प्रीपैड के हिसाब से सॉफ्टवेयर बना है और न ही रीचार्ज कूपन तय हुए हैं। पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों के करीब 45 हजार कनेक्शनों को प्रीपैड करने की योजना बनी है। इनको तीन माह का रीचार्ज करना है, किसी भी सरकारी विभाग ने अब तक रीचार्ज भी नहीं कराया है, क्योंकि कूपन ही तय नहीं हो सके हैं।

■ न अब तक सॉफ्टवेटर बना न रीचार्ज कूपन बने

प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब 1.62 लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 10 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं।



#### विभागों पर बड़ा बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। अगस्त 2024 में बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ से ज्यादा का हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ से ज्यादा का हो गया था। लेकिन इसी के साथ हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया मिलने पर इस समय करीब ढाई हजार करोड़ का ही बकाया बचा है, ऐसा पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है।

#### रीचार्ज कूपन का ही पता नहीं

पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराना होगा। जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रीचार्ज कराना होगा। इस रीचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रीचार्ज कराना होगा। पहले कहा गया था अप्रैल के पहले सभी विभाग रीचार्ज करा लेंगे, लेकिन किसी ने रीचार्ज नहीं कराया। अब तो मई भी समाप्त होने वाला है लेकिन किसी ने रीचार्ज नहीं कराया है। सबसे बड़ी यह है कि रीचार्ज कूपन ही तय नहीं हो सके हैं तो कोई विभाग रीचार्ज कैसे कराएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# खेत में भड़की आग, युवक की बहादुरी से पैरालिसिस पीड़ित बुजुर्ग की बची जान

## 40 डिग्री से अधिक तापमान और तेज हवाओं के बीच सिंधोरा में टला बड़ा हादसा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

- ऋषि कुमार यदु ने दिखाई बहादुरी, जलते घर से बुजुर्ग को निकाला सुरक्षित

क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी और 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच मंगलवार दोपहर करीब 12:45 बजे ग्राम सिंधोरा के गोडा खार स्थित खेत में पराली जलाने के दौरान अचानक आग भड़क उठी। तेज हवा और सूखे वातावरण के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान दूसरे खेत में मौजूद पैरालिसिस पीड़ित एक बुजुर्ग आग की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही धुआं और ऊंची लपटें पूरे खेत में फैल गईं। भीषण गर्मी के कारण आग तेजी से खेत के बड़े हिस्से में फैलती चली गई। आग की भयावह स्थिति को देखकर मौके पर दहशत का माहौल बन गया। बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद उन्हें तत्काल पानी और राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उनकी हालत को संभालने का प्रयास किया। ऋषि कुमार यदु की बहादुरी और तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया। समय रहते किए गए इस साहसिक प्रयास से बुजुर्ग की जान बच गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली और ऋषि कुमार यदु के साहस की जमकर सराहना की। लोगों ने इसे मानवता और जिम्मेदारी की मिसाल बताया।

### आग की लपटों में फंसे बुजुर्ग की युवक ने बचाई जान

इसी दौरान पलारी में शिवा पैथोलॉजी लैब संचालित करने वाले सिंधोरा निवासी ऋषि कुमार यदु अपने खेत के कार्य से गुजर रहे थे। तभी उनकी नजर आग की लपटों के बीच फंसे बुजुर्ग पर पड़ी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना देर किए साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए बचाव कार्य शुरू कर दिया। अपनी जान की परवाह किए बिना वे आग की लपटों के बीच पहुंचे और पैरालिसिस पीड़ित बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।






### पराली जलाने से हो रही दुर्घटनाओं से लोग चिंतित

वहीं, लगातार बढ़ती गर्मी और पराली जलाने की घटनाओं को लेकर क्षेत्र में चिंता जताई जा रही है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी और तेज हवाओं के बीच पराली जलाना कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्ती बरतने और जागरूकता अभियान चलाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## खबर संक्षेप



### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो महिलाएं घायल

**महासमुंद।** ग्राम परसट्ठी में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक में सवार दो महिलाएं घायल हो गई। घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम बम्हनी निवासी सोहनलाल महतो ने बताया कि 21 मई को सुबह करीबन 9.30 बजे वह अपनी मां जंत्रीन बाई पाल और बड़े भाई मोहन की सास यशोदा बाई पाल को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीवाय 8149 में साथ लेकर महासमुंद से ग्राम बम्हनी आ रहा था। जब वह ग्राम परसट्ठी लालाराम बंजारे के घर के पास पहुंचा तब गलत साइड से ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 04 एल 0367 के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को साइड से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जंत्रीनबाई के दोनों पैर, बाएं कंधे एवं पसली, मुंह में एवं यशोदा बाई के दांये पैर, कमर, बांयी पसली में चोट आयी है। वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बालसी में 40 लीटर महुआ शराब व लाहन जब्त

**सरायपाली।** अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा की जा रही लगातार कार्रवाई के तहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम बालसी में टीम ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में महुआ शराब और लाहन बरामद किया। रात्रिकालीन अभियान के दौरान ग्राम बालसी निवासी सुखचंद रात्रे के घर में छापामार कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से लगभग 40 लीटर महुआ शराब तथा 34 प्लास्टिक बोरियों में करीब 1700 किलो तैयार महुआ लहान बरामद किया गया। आबकारी विभाग ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके अतिरिक्त ग्राम लाती में एक अन्य आरोपी नेपाल भाई के खिलाफ भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं 15 मई 2026 को आयोजित सुशासन शिविर में प्राप्त शिकायत के आधार पर अंबेडकर वार्ड में करण सिंह, राम प्रसाद एवं ललिता रात्रे के खिलाफ भी आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। कार्रवाई के दौरान गठित संयुक्त टीम में आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े, अनिल कुमार झरिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निधन

### लक्ष्मी नारायण रजक

**बलौदाबाजार।** शहर के गौरव पथ, वार्ड क्रमांक 05 निवासी लक्ष्मी नारायण रजक (सेवानिवृत्त व्याख्याता) का निधन हो गया था। जिनका अंतिम संस्कार पाड़े पारा स्थित मुक्तिधाम में रविवार को किया गया जिसमें शहर भर से लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए एवं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। वे सत्यम रजक एवं श्रद्धा रजक के पूज्य पिता तथा शंकर रजक, शिव रजक एवं राजकुमार (राजू) रजक के बड़े भाई थे।



## आयोजन : फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का लिया प्रशिक्षण

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन, 75 खिलाड़ियों ने निखारी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

- खिलाड़ियों को मिला विविध खेलों का प्रशिक्षण

नगर एवं क्षेत्र की नवोदित खिलाड़ियों के प्रतिभा निखारने और युवाओं को फिटनेस के प्रति जागरूक करने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत भटगांव में छोटू दादा खेल मैदान में आयोजित नगर स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन एवं स्थानीय खेल प्रशिक्षकों के द्वारा 3 मई से 24 मई तक आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में क्षेत्र एवं नगर भर के कुल 75 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न खेल विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया।प्रशिक्षण शिविर में लगभग माहभर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, खेल तकनीक एवं फिटनेस संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, साइकिलिंग, फेंसिंग, जूडो एवं एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल विधाओं का अभ्यास कराया गया। खिलाड़ियों को खेल कौशल विकसित करने के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं शारीरिक दक्षता के महत्व से भी अवगत कराया गया। इनके द्वारा दिया गया प्रशिक्षण नगर स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में जनाब मोहम्मद नासीर अहमद बाबा खान, रोहित सिदार एवं विकासखण्ड क्रीड़ा अधिकारी एवं खेल प्रशिक्षक गोविंद अजय ने प्रशिक्षक के रूप में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को खेलों की बारीकियों की जानकारी देते हुए बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### भटगांव के छोटू दादा खेल ग्राउंड पर पर लगाया गया था शिविर



### ये रहे उपस्थित

समापन समारोह में नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार देवांगन, पार्षद एवं सभापति देवेंद्र यादवतुलसी आदित्य पूर्व एल्डरमैन खेलन यादव महामंत्री रामदुलार साहू , संजीव राजेत्री शिक्षक भागवत साहू नक्छेन देवांगन हरि पांडे,शिविर संचालक मोहम्मद नासीर अहमद , रोहित सिदार, महेंद्र सोनी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, प्रशिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### जनप्रतिनिधियों ने किया समापन

अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अभ्यास एवं खेल भावना के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। प्रशिक्षकों एवं खेल अधिकारियों ने प्रतिभागियों को भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्रीष्मकालीन खेल शिविर की इस पहल को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अभिभावकों ने सराहना की। शिविर के माध्यम से क्षेत्र एवं नगर की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता निखारने एवं आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्राप्त हुआ है।

# पुराने विवाद पर घर में घुसकर चाकू मारने वाला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

- ग्राम रिंगनी का मामला
- हथबंद पुलिस ने 2 घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ा

घर में घुसकर चाकू मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के कुछ की घंटे में आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम रिंगनी का बताया जा रहा है। मामला ग्राम रिंगनी का बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार ग्राम रिंगनी निवासी प्रार्थी शिवा बघेल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23 मई को दोपहर 1 बजे वह महेश बंजारे के साथ बैठा था। इस दौरान दोनों के बीच कुछ वाद विवाद एवं बहस हो गयर। इसके पश्चात प्रार्थी अपने घर चला गया। तभी इसी बात को लेकर रात के समय लगभग 2 बजे आरोपी महेश बंजारे उसके घर आया। प्रार्थी को गाली गलौज कर, धमकाते हुए चाकू से वार करते हुए चोट पहुंचाई। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 107/2026 धारा 296,333,351(2),118(1) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में थाना हथबंद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी महेश बंजारे को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा दोपहर में हुई वाद विवाद एवं बहस की बात को लेकर आवेश में आते हुए प्रार्थी पर चाकू से वार कर उस गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को 24 मई को विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

# आयोग ने विधवा को दिलाई व्यक्तिगत दुर्घटना जीवन बीमा की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीमा कंपनी द्वारा पति की दुर्घटना में मृत्यु होने पर विधवा को व्यक्तिगत दुर्घटना जीवन बीमा की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के कारण उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए परिवादिनी को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 10 लाख एवं परिवादिनी को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 10000 तथा वाद-व्यय हेतु 5000 रुपये प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया।भाटापारा निवासी परिवादिनी लता साहू के पति ऋषि कुमार साहू का विरोधी पक्षकार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक अर्जुनी भाटापारा में खाता था जिससे जीवन बीमा के रूप में 500 सालाना प्रीमियम एस. बी. आई. जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर द्वारा लिया जाता था। परिवादिनी के पति की मृत्यु दुर्घटना में हो गई जिसकी सूचना विरोधी पक्षकारगण को प्रदाय किया गया। परिवादिनी द्वारा अपने पति का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा राशि का दावा विरोधी पक्षकार को प्रस्तुत किया परन्तु बीमा कंपनी ने मृतक के पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में पेट में अल्कोहल होना पाये जाने के आधार पर बीमा दावा राशि निरस्त कर दिया जिससे परिवेदित होकर परिवादिनी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

### 10 लाख रुपये बीमा राशि देने का आदेश

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि शव परीक्षण प्रतिवेदन में बताया गया है सिर्फ शराब की गंध के आधार पर यह विश्वास नहीं किया जा सकता कि मृतक शराब के नशे में था और खुद की देखभाल करने या गाड़ी चलाने में असमर्थ था, पुलिस जांच में भी मृतक की लापरवाही के कारण दुर्घटना होना साबित नहीं हुआ है अपितु जांच में अन्य वाहन चालक की लापरवाही की वजह से दुर्घटना होना साबित हुआ है। बीमा कंपनी के उपेक्षा पूर्ण कृत्यो के कारण परिवादिनी को परेशान होकर उक्त परिवाद आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना पड़ा।एस. बी. आई. जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुये परिवादिनी को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 10 लाख एवं परिवादिनी को मानसिक आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 10 हजार तथा वाद-व्यय हेतु 5 हजार रुपये परिवादिनी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश किया गया है।

# वन जागृति कार्यक्रम में पौधरोपण की देखरेख कर आय बढ़ाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम बलौदी में वन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वन परिक्षेत्र अधिकारी डॉ. एकता कर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी राधेलाल चंद्राकर, वनपाल धर्मसिंह बरिहा, वीट प्रभारी मनबोधन टंडन, वीट सहायक आबिद खान, ग्राम के उपसरपंच चुरामणी साहू तथा जय महामाया महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वन प्रबंधन समिति धमनी के अध्यक्ष रामनारायण यादव ने वन संरक्षण और जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए पौधों की सुरक्षा एवं देखरेख को जरूरी बताया। वहीं वीट प्रभारी मनबोधन टंडन ने कहा कि पौधरोपण क्षेत्र में लगाए गए कऊहा, जामुन, नीम, हर्रा, बहेड़ा और आंवला जैसे पौधों के बीच खाली स्थानों पर हल्दी, अदरक, जिमीकंद, तिखुर और कोचई जैसी कंद फसलों की खेती कर महिला समूह अतिरिक्त आय अर्जित कर सकता है।

जय महामाया महिला समूह की अध्यक्ष उर्मिला साहू, सचिव ललीता साहू सहित अन्य सदस्यों ने पौधरोपण क्षेत्र की देखरेख करते हुए आय बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी पेड़-पौधों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए सतत योगदान देने का संकल्प दोहराया।

### सार्वजनिक बोर से पानी पीने से रोकने के मामले में राज्यपाल से शिकायत

**रायपुर।** सामाजिक न्याय अधिकार कार्यकर्ता भगवानू नायक ने पत्थलगांव क्षेत्र में डोम जाति के लोगों को सार्वजनिक बोर से पानी पीने से रोके जाने और जातिसूचक अपमान की घटना को लेकर राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम ज्ञापन देकर राज्यपाल से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम-बटूराबहार (हर्रापारा), पोस्ट-घरजियांबथान में घटित जाति भेदभाव से जुड़ी अत्यंत गंभीर घटना संज्ञान में आई है। सोशल मीडिया एवं प्राप्त शिकायत आवेदन के अनुसार ग्राम में निवासरत डोम जाति के लोगों को सार्वजनिक बोर से पानी पीने से रोका जा रहा है। 58 वर्षीय प्रार्थिया फूलवती कान्ड्रा द्वारा 19 मई को थाना पत्थलगांव, जिला जशपुर में प्रस्तुत शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव के कुछ उच्च जाति के व्यक्तियों द्वारा डोम जाति कहकर जातिसूचक अपमान किया जा रहा है।

# वर्षों से एक ही स्थान पर जमे हुए अधिकारी कर्मचारियों का अन्यत्र हो स्थानांतरण


**सिमगा ।** असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम पत्र लिख कर बलौदाबाजार जिला के विभिन्न कार्यालयों जनपद पंचायतों, पुलिस, राजस्व, आबकारी, स्वास्थ्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, नगर पालिका परिषद, सहित तमाम विभागों में अनेक ऐसे अधिकारी कर्मचारी हैं जो विगत कई वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ है। जिसके कारण उनके द्वारा मनमानीपूर्वक व्यवहार किया जाता है जिससे आमजन को अपने काम कराने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्षों से पदस्थ होने के कारण हमारा कोई कुछ नहीं कर सकता है का भाव आ गया है, जिसके कारण उनके द्वारा स्वेच्छापूर्वक व्यवहार किया जाता है। वर्षों से उनका एक ही स्थान पर पदस्थ होना सामान्य सिविल सेवा नियमों का घोर उल्लंघन है जिसके तहत एक निश्चित अवधि पश्चात अधिकारी कर्मचारी का स्थानान्तरण किया जाना आवश्यक है। इससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिल रहा है। अली ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस संबंध में उचित एवं शीघ्र कार्यवाही करते हुए वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों का शीघ्र ही स्थानान्तरण किया जाय।

## अब सांप-बिच्छुओं के साए में मिडिल स्कूल में शिफ्ट में पढ़ने को मजबूर नौनिहाल

# करोड़ों का हाई स्कूल भवन खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

सरकार शिक्षा पर हर वर्ष लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन इसके बाद भी बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार नहीं हो पा रहा है। वहीं शासकीय विद्यालयों की अपेक्षा निजी विद्यालयों में बच्चों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है। कई स्थानों पर भवन जर्जर होने के कारण छात्रों को दूसरे विद्यालयों में जाकर शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रह रही है। तहसील के कई ऐसे स्कूल हैं, जहां छात्र छात्राओं को मूलभूत सुविधाओं से दूर रखा जाता है। कहीं बैठने के उचित व्यवस्था नहीं है तो कही सिर छुपाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए मजबूत छत नहीं है। कुछ ऐसा ही नजारा जिले के बलौदाबाजार ब्लॉक संकुल केन्द्र मरदा के ग्राम पंचायत करदा में संचालित हाई स्कूल में देखने को मिला जहां बच्चों के बैठने के लिए जमीन तो है पर सिर छुपाने के लिए मजबूत छत है और ना दीवारें। बच्चों के सिर पर हमेशा काल मंडराता रहता है। इस शासकीय हाई स्कूल को बने 10 वर्ष हो चुके हैं लगभग सात एकड़ जमीन बनी इस विद्यालय की भगवान ही मालिक है। ग्राम करदा के सरपंच इतवारा आत्माराम कंवर ने बताया कि 2014 में बनी इस विद्यालय में 2022 से 2024 मात्र 3 वर्ष ही स्कूल संचालित हो सकी है स्कूल की जर्जर स्थिति और छात्र-छात्राओं के भविष्य को देखते हुए पंचायत और शाला विकास समिति प्राचार्य समस्त पंचों द्वारा पंचनामा तैयार कर स्कूल बंद करके मिडिल स्कूल में दो पारियों में संचालित करने का फैसला लिया गया और जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी को जीर्णोद्धार लिखित आवेदन दिया। लेकिन आज तक शासन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दिया। सैकड़ों छात्र छात्राओं की भविष्य खतरे में आ रही है।



### धंस गई फर्श, शौचालय टूटे और बोरवेल भी सूखा

गांव से लगभग 1 किलोमीटर की दूरी में बनी विद्यालय खेतों से घिरी हुई है जहरीले जीव जंतुओं का होना स्वाभाविक है ऐसे में बच्चों का पठान करना जोखिम भरा हो सकता है वहीं स्कूल अंदर लगी फर्श टूट कर जमीन में धस गई है इसके अंदर सांप बिच्छू का होना स्वाभाविक है। टूटी फूटी शौचालय, बोर तो है पर पानी नहीं सबसे बड़ी समस्या तो यही है वहीं स्कूल परिसर की समतलीय कारण ना होना यह भी एक समस्या है। इस भवन की दीवारें पूरी तरह जर्जर हो चुकी है कभी भी होनी अनहोनी घटनाएं छात्र-छात्राओं के ऊपर घट सकती है। 15 जून से स्कूल संचालित होने को है और सामने बरसात का मौसम भी है सभी तक उच्च अधिकारी तनिक भी इस ओर ध्यान नहीं दिए हैं अब देखना यह है कि शासन बच्चों के भविष्य के क्या करती है।

